प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा– पर्यावरण प्रदूषण वैश्विक चिंता का विषय, विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाने का किया आह्वान।
2. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा से की मुलाकात, झारखंड के लिए मांगा मेडिको सिटी और छह नये मेडिकल कॉलेज।
3. एसीबी ने की भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को 60 हजार रुपये घूस लेते किया गिरफ्तार, घर से 17 लाख रुपये नकद बरामद।
4. राज्य के कई हिस्सों में आज भी बारिश के आसार, मौसम विभाग ने अगले हफ्ते मानसून के पहुंचने की जतायी संभावना।
5. रांची में आयोजित सीनियर रेलवे प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब रेलवे टाइटंस ने जीता, फाइनल में रेलवे राइडर्स को चार विकेट से हराया।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पर्यावरण प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की है। बोकारो में युगान्तर भारती की ओर से आयोजित देवनद–दामोदर महोत्सव–2025 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें इसका ध्यान रखना चाहिए कि विकास की राह पर अग्रसर होते हुए प्रकृति और पर्यावरण के साथ संतुलन बनाये रखें।

********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दिल्ली स्थित निर्माण भवन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान डॉ. इरफान अंसारी ने झारखंड में मेडिको सिटी की मांग को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिदिन हजारों मरीज आते हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण उन्हें अक्सर दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को डॉ. इरफान अंसारी ने एनएमसी नॉर्म्स का हवाला देते हुए बताया कि झारखंड जैसे राज्य में जनसंख्या अनुपात के हिसाब से कम से कम 39 मेडिकल कॉलेज होने चाहिए, जबकि वर्तमान में केवल 9 ही हैं। उन्होंने 6 नए मेडिकल कॉलेजों की भी मांग रखी।

********************

राज्य में मंत्रियों को हर हफ्ते जनता दरबार आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इस कड़ी में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनता दरबार आयोजित कर विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान की दिशा में पहल की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनता की उचित समस्याओं का त्वरित निदान उनका मौलिक हक है।

********************

सरायकेला–खरसांवा जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान सफलता पूर्वक चल रहा है। इसके तहत कृषकों को खेती–किसानी के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी रुप से दक्ष बनाया जा रहा है।

********************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो –एसीबी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता सनोत सोरेन को 60 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने उनके कडरू ओवरब्रिज के समीप स्थित आवास की भी तलाशी ली। मौके से एसीबी ने 16 लाख 89 हजार 500 रुपये नकद बरामद किया है। एसीबी ने यह कार्रवाई एक संवेदक की शिकायत पर की।

********************

राज्य में बकरीद का त्योहार कल मनाया जायेगा। इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी 24 जिलों में साढ़े पांच हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती का आदेश दिया है। इन जवानों में सशस्त्र बल से लेकर लाठी बल तक शामिल होंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

********************

देश में पिछले दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष फीचर

प्रसारित कर रहा है। आज हम देश के सभ्य तागत गौरव को स्थापित करने वाले सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण प्रयासों का उल्लेख कर रहे हैं।

*********************

मौसम विभाग ने आज भी राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और इसके निकटवर्ती मध्य हिस्सों में कहीं–कहीं गरज के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया राज्य में अगले सप्ताह दक्षिण–पश्चिम मानसून के प्रवेश करने के आसार हैं।

*********************

रांची में आयोजित सीनियर रेलवे प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब रेलवे टाइटंस ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में उसने रेलवे राइडर्स को चार विकेट से पराजित कर दिया।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची के सिरमटोली फ्लाइओवर के उदघाटन की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– सीइओ ने चुनाव आयोग को भेजी रिपोर्ट, श्वेता ने नामांकन पत्र में छिपाये थे तथ्य।

प्रभात खबर के शब्द हैं– आइए में देव स्टेट टॉपर, अनन्या रांची टॉपर।

हिन्दुस्तान लिखता है– जेटेट की अधिकतम आयु में 8 साल की छूट।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– पहली बार फ्रांस से बाहर भारत में बनेगा राफेल का ढांचा, टाटा से हुआ समझौता।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के सिलसिले में राज्य क्रिकेट संघ और आरसीबी पर प्राथमिकी की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से स्थान दिया है।

**************